झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office:- Building Construction Department, Govt. of Jharkhand, Project Building, P.O.- Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

पत्रांक झा.नि.नि. 50/17 - 1606 (नि) दिनांक 10.6.19

प्रेषक,

अरविन्द कुमार सिंह,
कार्यपालक निदेशक
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची।

सेवा में,

वाडिया टेक्नों इंजिनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड,
16 महानिर्बाण रोड, कोलकत्ता– 700029
ई0 मेल – wteslkol@wadiaengg.com

विषयः – खूँटी जिलान्तर्गत खूँटी में रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में हुए विलम्ब के लिए डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– प्रबंधक, JSBCCL, PIU, खूँटी का ज्ञापांक– 258 दिनांक– 08.05.2019

महाशय,

निर्देशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि खूँटी जिलान्तर्गत रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण कार्य हेतु परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट कन्सलटेंसी सेवा उपलब्ध कराने हेतु दिनांक– 20.04.2017 को आपके साथ एकरारनामा किया गया एकरारनामा के Annexure-1 पर Scope of Services का विवरण दिया गया है।

प्रबंधक, पी0आई0यू0, खूँटी ने प्रासंगिक पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि विभिन्न पत्रों के द्वारा आपको निर्माण हेतु आवश्यक Drawing/नक्शा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है तथा कार्य स्थल पर अभियंताओं का पदस्थापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि योजना हेतु संवेदक द्वारा निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है परन्तु अब तक Good for Construction Drawings नहीं उपलब्ध कराए जाने के कारण कार्य में अपेक्षित गति प्राप्त नहीं की जा सकी है। साथ ही अन्य तकनीकी बिन्दुओं पर भी प्रबंधक द्वारा आप से मंतव्य प्रदान करने का अनुरोध किया गया है जिसका अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है जिससे बाध्य होकर प्रबंधक के प्रासंगिक पत्र द्वारा आपको डिबार करने की अनुशंसा की गई है।

वर्णित तथ्यों के आलोक में आपको निर्देश दिया जाता है कि रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के निर्माण से संबंधित सभी Good for Construction Drawings उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा भविष्य में निगम द्वारा आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने से तत्काल प्रभाव से वंचित (Debar) कर दिया जाएगा।

विश्वासभाजन

(अरविन्द कुमार सिंह)
कार्यपालक निदेशक

ज्ञापांक 1606 (नि) दिनांक 10.6.19

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (योजना एवं निरूपण)/सभी प्रबंधक/नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल झा0रा0भ0नि0नि0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार सिंह)
कार्यपालक निदेशक

ज्ञापांक ....1606 (नि)

दिनांक 10.6.19

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक के प्रधान आप्त सचिव, झा०रा०भ०नि०नि०लि०, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(अरविन्द कुमार सिंह)
कार्यपालक निदेशक